दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 21 जुलाई 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 293

## महत्वपूर्ण एवं खास

### रुद्रप्रयाग में ऑल वेदर रोड के निमार्णाधीन पुल की शटरिंग गिरी, दो की मौत

**रुद्रप्रयाग (आरएनएस)।** ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर नारकोटा में निमार्णाधीन पुल के एक एबेंडमेंट में ऊपर से मलबा गिर गया। मलबे में दबे दो मजदूरों की मौत हो गई है। जबकि छह मजदूर घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुधवार सुबह रुद्रप्रयाग में ऋषिकेश बदरीनाथ हाईवे पर नारकोटा में बड़ा हादसा हो गया। निमार्णाधीन पुल की सैटरिंग गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने मजदूरों को निकालने के लिए रेस्क्यू शुरू किया। आठ मजदूर यहां काम पर लगे थे। तभी यह हादसा हो गया है। इस हादसे में दो मजदूरों की जान चली गई। जबकि छह घायल हो गए। भारी बारिश के कारण पहाड़ों पर भूस्खलन हो रहा है। नदी नाले भी उफान पर हैं। देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत, ऊधमसिंह नगर, बागेश्वर, पिथौरागढ़, हरिद्वार समेत राज्य के नौ जिलों में अगले 24 घंटे के भीतर भारी से बहुत भारी बारिश के आसार हैं। भारी बारिश की संभावनाओं को देखते हुए मौसम विभाग की ओर से रेड अलर्ट जारी किया गया है।

### अग्निपथ योजना के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई टली, हाईकोर्ट ने सभी याचिकाओं को क्लब करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अग्निपथ योजना के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल याचिका पर सुनवाई 25 अगस्त टाल दी गई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने सभी याचिकाओं को क्लब करने के लिए कहा है। दिल्ली हाईकोर्ट अग्निपथ स्कीम के खिलाफ दाखिल सभी याचिकाओं पर 25 अगस्त को सुनवाई करेगा। बता दें कि अग्निपथ योजना को लेकर अलग-अलग अदालतों में याचिकाएं दाखिल की गईं हैं। इन याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट में ट्रांसफर कर दिया था। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को उसके समक्ष लंबित सशस्त्र बलों में भर्ती से जुड़ी केंद्र सरकार की 'अग्निपथ' योजना को चुनौती देने वाली सभी जनहित याचिकाओं को दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की पीठ ने केरल, पंजाब एवं हरियाणा, पटना और उत्तराखंड उच्च न्यायालय से भी इस योजना के खिलाफ उनके यहां दायर सभी जनहित याचिकाओं को या तो दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने या फिर उन पर तब तक फैसला निलंबित रखने को कहा, जब तक दिल्ली उच्च न्यायालय अपना निर्णय नहीं कर लेता।

### हरियाणा के बाद झारखंड में महिला सब-इंस्पेक्टर को कुचला, वाहन चेकिंग के दौरान ली जान

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड की राजधानी रांची से एक दर्दनाक घटना सामने आई है जहां संध्या टोपनो नाम की एक महिला सब-इंस्पेक्टर की बीती रात वाहन चेकिंग के दौरान मौत हो गई। टोपनो तुपुदाना ओपी के प्रभारी के पद पर तैनात थीं। आरोपी को गिरफ्तार कर वाहन सीज कर लिया गया है। रांची के एसएसपी ने इसकी जानकारी दी। यह घटना बुधवार की सुबह तीन बजे की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर थाना प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मी पहुंचकर दरोगा के शव को अपने कब्जे में ले लिया।

# मुख्यमंत्री ने गोधन न्याय योजना की दूसरी वर्षगांठ पर हितग्राहियों के खाते में अंतरित की 7.48 करोड़ रूपए की राशि

- **महिला स्व-सहायता समूहों तथा सहकारी समितियों को वर्मी कम्पोस्ट के विक्रय पर दिया जाएगा बोनस**
- **गोबर खरीदी के एवज में अब तक पशुपालकों, ग्रामीणों को 153.44 करोड़ रुपए का भुगतान**
- **गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को अब तक 147.99 करोड़ रुपए का किया गया भुगतान**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि 28 जुलाई को हरेली तिहार से गोधन न्याय योजना का विस्तार करते हुए गोबर के साथ-साथ गौ-मूत्र की खरीदी की शुरूआत की जाएगी। गौ-मूत्र की खरीदी के लिए 4 रुपए प्रति लीटर की दर प्रस्तावित की गई है। खरीदे गए गौ-मूत्र का उपयोग जीवामृत कीटनाशकों और खाद के निर्माण के लिए किया जाएगा। इससे राज्य में जैविक खेती को और मजबूती मिलेगी तथा पशुपालकों की आय में भी बढ़ोतरी होगी।



मुख्यमंत्री ने आज विधानसभा परिसर स्थित अपने कार्यालय कक्ष में 'गोधन न्याय योजना' की दूसरी सालगिरह पर गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों के खाते में 48वीं किश्त की राशि के रूप में 7 करोड़ 48 लाख रूपए की राशि का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए इस आशय के विचार व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिला स्व-सहायता समूहों तथा सहकारी समितियों को वर्मी कम्पोस्ट के विक्रय पर बोनस दिया जाएगा। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। महिला समूहों को प्रति किलो वर्मी कम्पोस्ट के विक्रय पर 01 रुपए तथा सहकारी समितियों को 10 पैसे का बोनस मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 07 जुलाई 2022 तक बिक चुके कम्पोस्ट के लिए महिला समूहों को बोनस के रूप में 17 करोड़ 64 लाख रुपए तथा सहकारी समितियों को 01 करोड़ 76 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

मुख्यमंत्री बघेल द्वारा आज गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों के खाते में अंतरित की गई राशि में एक जुलाई से 15 जुलाई तक राज्य के गौठानों में पशुपालकों, ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से क्रय किए गए गोबर के एवज में 2.69 करोड़ रूपए भुगतान, गौठान समितियों को 2.88 करोड़ और महिला समूहों को 1.91 करोड़ रूपए की लाभांश राशि का भुगतान शामिल है। गोबर खरीदी के एवज में आज किए गए भुगतान की राशि को मिलाकर अब तक 153.44 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। इसी तरह योजना के तहत अब तक गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को 147.99 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है।

इस अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, नगरीय विकास मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, मुख्यमंत्री के सलाहकार द्वय विनोद वर्मा और रूचिर गर्ग, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह, गोधन न्याय मिशन के प्रबंध संचालक डॉ. अय्याज तम्बोली, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने गोधन न्याय योजना के दो वर्ष पूर्ण होने पर योजना के सभी हितग्राहियों और प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि 20 जुलाई 2020 को हरेली तिहार के दिन से हम लोगों ने छत्तीसगढ़ में गोबर खरीदी की शुरुआत की थी। तब से लेकर अब तक राज्य में लगातार गोबर की खरीदी और वर्मी कंपोस्ट का निर्माण किया जा रहा है। केवल 02 वर्षों में इस योजना ने जो सफलताएं अर्जित की हैं, उसे पूरे देश में इस योजना को सराहा जा रहा है। देश के अनेक राज्यों ने हमारा अनुसरण करके अपने यहां भी इसी तरह की योजनाएं लागू की हैं। हम गोबर खरीद कर न केवल वर्मी कंपोस्ट बना रहे हैं, बल्कि गोबर से बिजली उत्पादन करने, प्राकृतिक पेंट बनाने, तरह-तरह की सामग्री बनाने का काम भी हम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोधन न्याय योजना ने स्व सहायता समूहों की हमारी बहनों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने का एक बड़ा अवसर दिया है। गोबर विक्रेताओं और गोठान समितियों ने भी इन दो वर्षों में अच्छी आय अर्जित की है। किसान भाईयों में पशुपालन को लेकर रुचि बढ़ी है। गौठानों में संचालित विभिन्न् आजीविका गतिविधियों से 13 हजार 969 स्व सहायता समूहों को अब तक 74 करोड़ 68 लाख रुपए की आय हो चुकी है। गोधन न्याय योजना के अंतर्गत ही गौठानों में तेल मिल और दाल मिल जैसी प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना की जा रही है। राज्य के गौठानों 227 तेल मिलों और 251 दाल मिलों की स्थापना की जा रही है। इनमें से 86 तेल मिल और 134 दाल मिल स्थापित की जा चुकी हैं।

## सिंहदेव के इस्तीफे पर भारी हंगामा, विधानसभा एक दिन के लिए स्थगित

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन आज सदन में पंचायत मंत्री के इस्तीफे के पत्र का मुद्दा छाया रहा। हंगामा होने पर पहले दस मिनट के लिए और फिर कल तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इसके पहले विपक्ष ने शून्यकाल में इस पर चर्चा कराने की मांग की, जिस पर आसंदी ने जानना चाहा कि किस नियम के तहत इस पर चर्चा करना चाहते हैं? नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, भाजपा सदस्य बृजमोहन अग्रवाल, अजय चंद्राकर, शिवरतन शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने इस मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पर उनके मंत्री ने अविश्वास किया है, साजिश का आरोप लगाया है तो यह संवैधानिक संकट की स्थिति है। जब तब इस पर स्थिति स्पष्ट नहीं हो जाती, तब तक सदन नहीं चलने देंगे। भाजपा सदस्यों ने कहा कि मंत्री मुख्यमंत्री को गोपनीय पत्र लिखें तो कोई मुद्दा नहीं है लेकिन मंत्री सिंहदेव ने जो आरोप लगाए हैं, वे सार्वजनिक हुए हैं तो यह गोपनीयता की शपथ का उल्लंघन है। भाजपा सदस्यों की ओर से जारी सवालों की बौछार के बीच जनता कांग्रेस के सदस्य धर्मजीत सिंह ने टिप्पणी की कि छत्तीसगढ़ में हसदेव और सिंहदेव दोनों संकट में हैं। अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि जो भी टिप्पणी आपत्ति जनक होगी, वह विलोपित कर देंगे। सदन में इस मामले पर गर्मागर्म बहस के बीच कांग्रेस सदस्यों ने मोर्चा सम्हाला। प्रतिपक्ष ने कहा कि मंत्री सिंहदेव सदन में नहीं हैं इसलिए मुख्यमंत्री को इस मामले में जवाब देना चाहिए। स्पीकर डॉ. महंत ने सदन को जानकारी दी कि मंत्री सिंहदेव की आवकाश सूचना प्राप्त हुई है। विपक्षी हंगामा बढऩे पर सदन की कार्यवाही दस मिनट के लिए स्थगित कर दी गई।

## यूपी के मंत्री दिनेश खटीक ने अमित शाह को भेजा इस्तीफा

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में लोकनिर्माण के बाद जलशक्ति विभाग में अंदरखाने मची खींचतान के बीच जलशक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भेजा है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, सरकार की तरफ से अब तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है।



मंत्री खटीक ने चिट्ठी में लिखा, पीएम मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अमित शाह के अथक परिश्रम व कुशल नेतृत्व में दलितों और पिछड़ों के साथ लेकर चलने से भाजपा सरकार का गठन हुआ है। ईमानदार छवि वाले मुख्यमंत्री के साथ मुझे जलशक्ति मंत्री बनाया गया। जिसमें पूरा दलित समाज खुश है। परन्तु जलशक्ति विभाग में दलित समाज का राज्यमंत्री होने के कारण मेरे किसी भी आदेश पर कोई भी कार्यवाही नहीं होती है और न ही किसी बैठक में बुलाया जाता है। न ही सूचना दी जाती है कि विभाग में कौन-कौन सी योजनाएं चल रही हैं। उन पर क्या कार्यवाही हो रही है? जिसके कारण विभाग के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं हो पाती।

उन्होंने कहा, संबंधित विभाग के अधिकारी सिर्फ गाड़ी उपलब्ध करा देना मंत्री का अधिकार समझते हैं। इस विभाग में स्थांतरण सत्र में बहुत भ्रष्टाचार हुआ है। कई दिनों तक सूचना नहीं मिली। प्रमुख सचिव सिंचाई ने मेरी पूरी बात सुने बिना ही फोन काट दिया। वह मेरी बात को अनसुना कर रहे थे। मेरे दलित होने के कारण विभाग में भेदभाव हो रहा है। मुझे कोई अधिकार नहीं मिला। इस कारण पत्र का जवाब भी नहीं मिलता है। नमामि गंगे में बहुत भ्रष्टाचार फैला है। जो कि जमीन पर जाने पर पता चलता है। जब भी इसकी शिकायत की जाती है तो उस पर कोई कार्यवाही नहीं होती। यूपी के अंदर अधिकारी दलितों का अपमान कर रहे हैं। राज्यमंत्री होते हुए विभाग में मेरा कोई अस्तित्व नहीं है। ऐसी स्थिति में मेरा काम कर पाना दलित समाज के लिए बेकार है। इससे आहत होकर अपना त्यागपत्र दे रहा हूं।

चर्चा है खटीक मंगलवार को मंत्रियों की बैठक में शामिल नहीं हुए थे। बताया जा रहा है कि खटीक विभागीय अधिकारियों द्वारा उपेक्षा किए जाने से नाराज हैं।

उधर, मंत्री जितिन प्रसाद को लेकर भी चर्चा है कि वह भी नाराज हो गए हैं। बताया जा रहा है कि जितिन प्रसाद पीडब्ल्यूडी विभाग में हुई कार्रवाई से नाराज हैं। वो मंगलवार को हुई बैठक में शामिल हुए थे। बैठक के बाद जितिन प्रसाद निकल लिए। वह मीडिया से मुखातिब नहीं हुए।

## कार के ऊपर पलटा रेत से भरा ट्रक, दो बच्चों सहित 5 की मौत

**रायबरेली (आरएनएस)।** मंगलवार की रात ऐसी मनहूस घड़ी आई, जिससे दो परिवारों के सपने बिखर गए। राकेश अग्रवाल और उनकी पत्नी की मौत हो गई जबकि उनके दो बच्चे सही सलामत बच गए। वही रचित अग्रवाल घायल तो है लेकिन उनकी जिंदगी भगवान ने बचा ली जबकि उनकी पत्नी और दो बच्चों की मौत हो गई। इस खबर को घटनास्थल से देख कर जिला अस्पताल तक जिसने भी सुना वह रो पड़ा। बताया जाता है कि परिवार में किसी बच्चे का जन्मदिन था उसी की खुशी के लिए दोनों परिवार बाबा होटल में खाना खाने गए थे।

**ट्रक पलटते ही राख से ढक गई कार**

जिस बेकाबू ट्रक की वजह से यह हादसा हुआ, उसमें राख लदी हुई थी। ट्रक के पलटते ही पूरी कार राख के ढेर में तब्दील हो गई। कुछ लोगों ने राख हटाकर कार का शीशा तोड़ा और रचित अग्रवाल व दो बच्चों को बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रचित कार चला रहे थे। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि ट्रक के कार में पलटने और रात में दब जाने से मौत हुई।

भदोखर थाना क्षेत्र में इलाहाबाद हाईवे पर मंगलवार की रात तेज रफ्तार ट्रक बेकाबू होकर एक कार पर पलट गया। इससे कार पर सवार दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। मरने वालों में तीन लोग एक ही परिवार के हैं। जबकि दो अन्य लोग दूसरे परिवार के हैं। दो लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी। तीन लोगों ने बाद में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। तीन घायलों में से एक को प्राइवेट नर्सिंग होम, जबकि 2 को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हालत ठीक होने पर एक व्यक्ति को घर भेज दिया गया।

**ये लोग थे कार में सवार**

व्यापारी महेंद्र अग्रवाल के बेटे राकेश अग्रवाल (45) और उनकी बहू सोनम अग्रवाल (35) अपने दो बच्चों आदित्य (11) और तनसी (9) जबकि रचित अग्रवाल अपनी पत्नी रुचिका अग्रवाल (35) अपने बच्चों रेयांश (6) रइसा (9) के साथ जिला मुख्यालय से सात किलोमीटर दूर रायबरेली प्रयागराज हाईवे पर बाबा ढाबा में खाना खाने गए थे। सभी खाना खाकर अपनी कार से घर लौट रहे थे।

कृपालु इंस्टीट्यूट के पास लखनऊ की तरफ जा रहा तेज रफ्तार ट्रक अचानक असंतुलित होकर कार के ऊपर पलट गया है। इससे कार पर सवार सभी आठ लोग कार के अंदर ही दब गए। चीख-पुकार मचने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। इस दौरान कार सवार लोग चीखते रहे लेकिन मौके पर मौजूद लोग ट्रक को हटाने में कामयाब नहीं हो पाए। काफी देर बाद क्रेन की व्यवस्था कराई गई। क्रेन की मदद से कार के ऊपर पलटे ट्रक को हटाकर घायलों को बाहर निकाला गया।

आनन-फानन सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। यहां पर डॉक्टरों ने रेयांश पुत्र रचित अग्रवाल, राकेश अग्रवाल पुत्र महेंद्र अग्रवाल, सोनम अग्रवाल पत्नी राकेश अग्रवाल, रइसा पुत्री रचित अग्रवाल और रुचिका अग्रवाल पत्नी रचित अग्रवाल को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल आदित्य को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि रचित अग्रवाल का पुलिस लाइन स्थित एक नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है। घायल तनसी को घर भेज दिया गया है। महेंद्र अग्रवाल और रचित अग्रवाल शहर के बड़े व्यापारी हैं। राकेश अग्रवाल और सोनम अग्रवाल मिल एरिया थाना क्षेत्र की जवाहर विहार कालोनी में रहते थे। रुचिका और रचित कचेहरी रोड स्थित एनसीसी कपाउंड में रहते हैं।


## बंगाल : हावड़ा में जहरीली शराब पीने से 6 की मौत, 20 की हालत गंभीर

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के घुसुरी में बुधवार की सुबह जहरीली शराब पीने से छह लोगों की मौत हो गई। वहीं 20 अन्य लोगों को गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मंगलवार की रात कई लोगों ने एक साथ मिलकर शराब का सेवन किया था, जिसके बाद एक के बाद एक लोगों की तबीयत खराब होनी शुरू हो गई। बुधवार सुबह तक कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इस दर्दनाक घटना के बाद बुधवार सुबह से ही घुसूरी इलाके में तनाव का माहौल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मलीपंचघोरा पुलिस स्टेशन से कुछ ही दूरी पर अवैध आहता है, जो रेलवे ट्रैक से सटा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि थाने के कर्मचारी इस अवैध आहता को समर्थन देते हैं। हालांकि पुलिस ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया। गुस्साएं स्थानीय लोगों ने बुधवार सुबह विरोध प्रदर्शन किया और इलाके में एक स्थानीय शराब की दुकान में तोडफ़ोड़ की। जानकारी के मुताबिक, प्रताप कर्माकर नाम का शख्स अवैध आहता चलाता है। छह लोगों की मौत की खबर के बाद से वह फरार है। घुसुरी में कई छोटे कारखाने और फाउंड्री यूनिट हैं, जो स्थानीय लोगों को रोजगार देती हैं। कर्मकार के स्वामित्व वाले अवैध आहता के ग्राहक मुख्य रूप से इन छोटी कारखानों और फाउंड्री यूनिट के मजदूर है।

## दिल्ली से पंजाब लाई जा रही थी लाखों की हैरोइन, दो विदेशी युवतियां काबू

**खन्ना (आरएनएस)।** खन्ना पुलिस को बड़ी सफलता मिली, जब करीब 40 लाख रुपए की हैरोइन सहित दो विदेशी लड़कियों को काबू किया गया। पुलिस ने उक्त युवतियों से करीब 700 ग्राम हैरोइन बरामद की है। पुलिस ने इन दोनों युवतियों के खिलाफ मामला दर्ज कर अगली कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



इस सबंधी जानकारी देते डी.एस.पी खन्ना विलियम जेजी ने बताया कि थाना सिटी 2 की पुलिस पार्टी ने गुरू नानक कंडा जी.टी. रोड के सामने नाकाबन्दी की हुई थी। इस दौरान मंडी गोबिंदगढ़ की तरफ से एक व्हीकल से 2 विदेशी लड़कियां उतरीं। पुलिस ने इन दोनों लड़कियों को शक के आधार पर रोका और पूछताछ की। जब पुलिस ने इनके बैग की तलाशी ली तो इनके कब्जे से 700 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। अधिकारी ने बताया कि दोनों नाईजीरियन लड़कियां का रिकार्ड चैक किया जा रहा है। जांच दौरान पता चला है कि ये दोनों युवतियां दिल्ली से हैरोइन जालंधर सप्लाई करने जा रही थीं। पुलिस का कहना है कि फिलहाल इन दोनों युवितयों को कोर्ट में पेश कर रिमांड लिया जाएगा ताकि इनके नैटवर्किंग का पर्दाफाश हो सके।

## अमृतसर के पास मुठभेड़ में मारा गया मूसेवाला हत्याकांड का आरोपी

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** विख्यात पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या में शामिल एक गैंगस्टर को बुधवार को पंजाब पुलिस ने एक मुठभेड़ में मार गिराया।

भारत-पाकिस्तान सीमा के पास अमृतसर के बाहरी इलाके में चार घंटे से अधिक समय तक चली गोलीबारी के बीच एक अन्य संदिग्ध एक फार्महाउस के अंदर छिपा हुआ है।

मूसेवाला की 29 मई को पंजाब में मानसा के पास उनके पैतृक गांव के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।



एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स द्वारा चलाया जा रहा ऑपरेशन अटारी सीमा के पास भकना गांव में चल रहा है, जहां मूसेवाला की हत्या के मुख्य आरोपी गैंगस्टर मनप्रीत सिंह उर्फ मन्नू और जगरूप सिंह उर्फ रूपा छिपे हुए हैं।

हालांकि, मारे गए गैंगस्टर की पहचान के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

पुलिस ने कहा कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गुर्गे मनप्रीत ने रूपा और अन्य लोगों के साथ मिलकर 29 मई को मूसेवाला पर गोली चलाई थी, जिससे गायक की मौके पर ही मौत हो गई थी।

एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स के प्रमुख प्रमोद बान ने पिछले महीने मीडिया को बताया था कि जेल में बंद मुख्य साजिशकर्ता गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने कबूल किया था कि मूसेवाला को मारने की योजना पिछले साल अगस्त में विक्की मिद्दुखेड़ा की हत्या का बदला लेने के लिए रची गई थी। बान ने कहा कि मूसेवाला की हत्या के एक दिन बाद 30 मई को पहली गिरफ्तारी के बाद से अब तक इस मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

कनाडा स्थित गैंगस्टर गोल्डी बराड़, जो बिश्नोई गिरोह का सदस्य है, ने मूसेवाला की हत्या की जिम्मेदारी ली थी।

बान ने इससे पहले कहा था कि शूटर 25 मई को घटना स्थल मूसा गांव के पास मनसा पहुंचे थे। उन्होंने कहा, पंजाब पहुंचने पर उन्हें कुछ हथियार मुहैया कराए गए। मूसेवाला को मारने के लिए एके सीरीज की राइफलों का इस्तेमाल किया गया था।